2019

HINDI

(Major)

Paper : 6.4

(Prayojanmulak Hindi Evam Anuvad)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है?

(ख) राष्ट्रपति द्वारा राजभाषा संबंधी संसदीय समिति के गठन का आदेश किस सन् में जारी किया गया था?

(ग) राजभाषा की एक परिभाषा दीजिए।

(घ) संक्षेपण का क्या अर्थ है?

(ङ) भारत में पहला रेडियो प्रसारण कब हुआ?

(च) भारत में प्रथम प्रायोगिक दूरदर्शन केन्द्र का उद्घाटन कब हुआ?

(छ) स्रोत भाषा क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) मशीनी अनुवाद किसे कहते हैं?

(ख) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में दो अंतर लिखिए।

(ग) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) में क्या प्रावधान है?

(घ) टिप्पणी के दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रतिवेदन की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) निम्नलिखित के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

Division ; Section ; Drafting ; Balance Sheet ; Designation ; Affidavit ; Validity ; Resources ; Agreement ; Estimate.

(घ) निम्नलिखित गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए :

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय उद्योग, विदेशी उद्योगों से टक्कर लेने की क्षमता कैसे पैदा करे? यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। शुरू-शुरू में देश के अर्थ-तंत्र में मूल क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना में सरकार ने मुख्य उद्यमी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रहित में आधारभूत उद्योगों की आवश्यकता को समझते हुए बहुत-से उद्योगों को अनेक प्रकार से संरक्षण प्रदान किया और देश-विदेश के प्रतिद्वंद्वी

उद्योगों द्वारा मुकाबले की चोट से बचाने की भरसक कोशिश की गई। पिछले तीन दशकों में कुछ महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में कई उद्योगों ने काफी उन्नति की है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बायो-टेक्नोलॉजी आदि के क्षेत्र में नव्यतम उद्योगों के आगमन पर नजर दौड़ाई जाए तो राष्ट्र की विकास-यात्रा से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा जाता।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए :

Some men are not dutiful to his parents. They have prospered in life and they lead a comfortable life. But they forget they have a duty to their parents. They do not live with their parents. They live separately with their wives and children. They do not think of their old parents. They have got a peculiar idea. They say that their parents have done their duty to bring them up and make men of them. In return the children have nothing to do. They are ungrateful children.

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अनुवाद को परिभाषित करते हुए प्रकृति की दृष्टि से उसके प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विज्ञापन की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताओं को लिखिए।

(ख) राजभाषा अधिनियम, 1976 में निहित प्रावधानों को रेखांकित कीजिए।

अथवा

रेडियो का संक्षिप्त परिचय बताते हुए भारत में रेडियो के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(ग) दूरदर्शन-समाचारों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कम्प्यूटर क्या है? कम्प्यूटर के उपभोग पर प्रकाश डालिए।

★★★